StudentBounty.com

# अंतर्राष्ट्रीय भारतीय विद्यालय, दम्माम.

## प्रथम औपचारिक परीक्षा - 2013-14

SET-A

**समय - 3 घंटे** **विषय - हिंदी** **कक्षा - 6 वी** **अंक - 90**

सामान्य निर्देश - 1) इस प्रश्न-पत्र में कुल 18 प्रश्न हैं।
2) इस प्रश्न-पत्र के दो खंड हैं- क और ख।
3) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।
4) कृपया अपनी उत्तर पुस्तिका में प्रश्न संख्या सावधानी पूर्वक लिखिए।

## खंड - क

प्रश्न 1.निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए. (5X1=5)

संसार के सात आश्चर्यों में सबसे पहला नाम मिस्र के पिरामिडों का आता है। पिरामिड मानव द्वारा बनाए गए पहाड़ जैसे हैं। इन्हें आज से लगभग 5000 वर्ष पहले बनाया गया था। मिस्र के राजाओं ने ईंट और पत्थरों से इन पहाड़ जैसे आकारों का निर्माण शाही शवों को रखे जाने के लिए कराया था। ये संसार की सबसे प्राचीन समाधियाँ अथवा मकबरे हैं। अब तक लगभग 80 पिरामिड मिले हैं। हजारों साल पहले जब यूनान के लोगों ने पिरामिडों को देखा तो इन्हें संसार के आश्चर्यों में पहला स्थान दिया । संसार के महान आश्चर्यों में आज भी इनका स्थान प्रथम ही है।

(i) दुनिया के सात आश्चर्यों में मिस्र के पिरामड का कौन सा स्थान है?
(क) पहला
(ख) दूसरा
(ग) तीसरा

(ii) पिरामिड को कितने वर्ष पूर्व बनाया गया था?
(क) 2000 वर्ष पूर्व
(ख) 15000 वर्ष पूर्व
(ग) 5000 वर्ष पूर्व

(iii) इन पिरामिडों का निर्माण किसलिए करवाया गया है?
(क) सामान रखने के लिए
(ख) शाही शवों को रखने के लिए
(ग) मनुष्यों को रखने के लिए

(iv) हजारों साल पहसे किसने इन पिरामिडों को देखा? पहले
(क) यूनान के लोगों ने
(ख) इंग्लैंड के लोगों ने
(ग) भारत के लोगों ने

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

(v) अब तक कितने पिरामिड मिले हैं?
(क) 10 पिरामिड
(ख) 500 पिरामिड
(ग) 80 पिरामिड

प्रश्न 2.निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए. (5X1=5)

आखिर यही फ़ैसला हुआ कि घोंसले के ऊपर कपड़े की छत बना देनी चाहिए। पानी की प्याली और थोड़े से चावल रख देने का प्रस्ताव भी स्वीकृत हो गया। दोनों बच्चे बड़े चाव से काम करने लगे। श्यामा माँ की आँख बचाकर मटके से चावल निकाल लाई। केशव ने पत्थर की प्याली का तेल चुपके से ज़मीन पर गिरा दिया और उसे खूब साफ़ करके उसमें पानी भरा।

(i) केशव और श्यामा ने क्या फ़ैसला किया ?
(क) कपड़े की छत बनाने का
(ख) छाया करने का
(ग) घोंसला बनाने का

(ii) श्यामा कहाँ से चावल निकाल कर लाई ?
(क) बरामदे से
(ख) मटके से
(ग) थैले से

(iii) श्यामा किसकी आँख बचाकर मटके से चावल निकाल लाई ?
(क) बाबूजी की
(ख) केशव की
(ग) माँ की

(iv) केशव ने पत्थर की प्याली में क्या भरा ?
(क) पानी
(ख) तेल
(ग) चावल

(v) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?
(क) जो देखकर भी नहीं देखते
(ख) चाँद से थोड़ी-सी गप्पें
(ग) नादान दोस्त

प्रश्न 3.निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए. (5X1=5)

वह चिड़िया जो-
चोंच मारकर
दूध-भरे जुंडी के दाने

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

रुचि से, रस से खा लेती है
वह छोटी संतोषी चिड़िया
नीले पंखोंवाली मैं हूँ
मुझे अन्न से बहुत प्यार है।

(i) चिड़िया कैसे दाने खाती है ?
(क) रस-भरे जुंडी के
(ख) दूध-भरे जुंडी के
(ग) पानी-भरे जुंडी के

(ii) चिड़िया कैसी है ?
(क) संतोषी
(ख) घमंडी
(ग) सुंदर

(iii) चिड़िया के पंख कैसे हैं ?
(क) रंग-बिरंगे
(ख) सफेद
(ग) नीले

(iv) चिड़िया को किससे प्यार है ?
(क) जंगल से
(ख) अन्न से
(ग) दानों से

(v) इस कविता के कवि का नाम लिखिए ?
(क) केदारनाथ अग्रवाल
(ख) हेलेन केलर
(ग) शमशेर बहादुर सिंह

प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए (कोई चार) :- (4X1=4)
(क)मोर (ख) शिष्य (ग) नाना (घ) धोबी (ङ) पंडित

प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए (कोई चार) :- (4X1=4)
(क) सेवा (ख) पुड़िया (ग) बालिका (घ) मिठाई (ङ) प्रजा

प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए (कोई तीन) :- (3X1=3)
(क) कमल (ख) मित्र (ग) दीपक (घ) पर्वत

प्रश्न 7. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए (कोई चार) :- (4X1=4)
(क) सरल (ख) अपना (ग) गरम (घ) पाप (ङ) छोटी

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

प्रश्न 8. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए उचित शब्द लिखिए (कोई चार) :- (4X1=4)

(क) जो बोलता ना हो -

(ख) इतिहास से संबंध रखने वाला -

(ग) जल में रहने वाला -

(घ) शिक्षा पाने वाला -

(ङ) दिन में एक बार होने वाला -

प्रश्न 9. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए (Do as Directed) - (5X1=5)

1. मेरा छाता टूट __________ ( गई, गया )
2. आप पहने हुए हैं कुल आकाश ________ जड़ा ( सारों, तारों )
3. _________ आम खाया । (मैंने, मैं)
4. पेड़ से बहुत-से ___________गिरते हैं । ( पत्ता शब्द का बहुवचन लिखिए )
5. मुझे रोज़ मेरी ___________ कहानियाँ सुनाती हैं । ( नाना शब्द का स्त्रीलिंग लिखिए )

प्रश्न 10. निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए (कोई चार) :- (4X1=4)

(क) चीथड़े (ख) प्रसताव (ग) परिक्षा (घ) गददी (ङ) तीरछे (च) प्रेमचद

प्रश्न 11. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए (कोई दो) :- (2X1=2)

(क) नानाजी रेलगाड़ी पर आए हैं ।

(ख) एक पानी का गिलास लाओ ।

(ग) मोहन रो रही थी ।

प्रश्न 12. 'मैं और मेरा परिवार' विषय पर अनुच्छेद लिखिए । (5)

## खंड - ख

प्रश्न 13. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए (कोई पाँच) : (5X1=5)

(क) अचरज (ख) यकायक (ग) परखना (घ) अधीर (ङ) सैर (च) तसल्ली

प्रश्न 14. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए (कोई चार) :- (4X1=4)

(क) मुग्ध (ख) सूराख (ग) कालीन (घ) टोकरी (ङ) सैर

प्रश्न 15. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए (कोई पाँच) : (5X1=5)

(क) कार्निस पर कितने अंडे थे ?

(ख) चाँद अपनी पोशाक को कहाँ फैलाए हुए है ?

(ग) किस ऋतु के दौरान हेलेन केलर टहनियों में कलियाँ खोजती है ?

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

(घ) हेलेन केलर को कौन-सी चीज महँगे कालीन से अधिक प्रिय है ?

(ङ) केशव ने टोकरी का सूराख कैसे बंद किया ?

(च) चिड़िया के पंख कैसे हैं ?

(छ) चाँद को कौन-सी बीमारी है ?

प्रश्न 16. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई तीन) : (3X2=6)

(क) 'वह चिड़िया जो' कविता के आधार पर बताओ कि चिड़िया को किन-किन चीज़ों से प्यार है?

(ख) 'आप पहने हुए हैं कुल आकाश' के माध्यम से लड़की क्या कहना चाहती है?

(ग) कवि ने चाँद से गप्पें किस दिन लगाई होंगी? और क्यों?

(घ) यदि तुम्हें 'वह चिड़िया जो' कविता का कोई और शीर्षक देना हो तो क्या देना चाहोगे? इस कविता के कवि का नाम लिखिए ।

प्रश्न 17. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई चार) : (4X3=12)

(क) केशव ने श्यामा से चिथड़े, टोकरी और दाना-पानी मँगाकर कार्निस पर क्यों रखे थे?

(ख) हेलेन केलर प्रकृति की किन चीज़ों को छूकर और सुनकर पहचान लेती थी ?

(ग) 'वह चिड़िया जो' कविता के आधार पर चिड़िया का वर्णन कीजिए ?

(घ) केशव और श्यामा ने अंडों के बारे में क्या-क्या अनुमान लगाए ?

(ङ) 'कुछ खास तो नहीं' - हेलेन की मित्र ने यह जबाब किस मौके पर दिया और यह सुनकर हेलेन को आश्चर्य क्यों नहीं हुआ ?

प्रश्न 18. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई दो) : (2X4=8)

(क) माँ के सोते ही केशव और श्यामा दोपहर में बाहर क्यों निकल आए? माँ के पूछने पर भी दोनों में से किसी ने किवाड़ खोलकर दोपहर में बाहर निकलने का कारण क्यों नहीं बताया?

(ख) 'जिन लोगों के पास आँखें हैं, वे सचमुच बहुत कम देखते हैं '- हेलेन केलर को ऐसा क्यों लगता था?

(ग) अंडों के बारे में केशव और श्यामा के मन में किस तरह के सवाल उठते थे? वे आपस में ही सवाल-जवाब करके अपने दिल को तसल्ली क्यों दे दिया करते थे?

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers